# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

### मुख्य परीक्षा-2016 ( प्रथम प्रश्न-पत्र )

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**( खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150 )**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है। प्रत्येक खण्ड हेतु पृथक उत्तर-पुस्तिका प्रदान की गई है।
    1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 से आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
    2. प्रश्नों के उत्तर सभी माध्यम से लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।
    3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
    4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
    5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

**खण्ड-अ**

**1. इस प्रश्न में A से O तक कुल 15 लघु उत्तर स्वरूप के प्रश्न हैं जिनका उत्तर एक या दो पंक्तियों में देना है। आन्तरिक विकल्प नहीं है। प्रत्येक प्रश्न 03 अंको का है।** **(15 x 3 = 45)**

(A) लियोनार्डो द विंची
(B) 'सामाजिक संविदा'
(C) शक्ति-पृथक्करण का सिद्धान्त
(D) सारनाथ
(E) पंचमहाव्रत 'अक्षणुव्रत'
(F) सीताध्यक्ष
(G) हरिहर प्रथम और बुक्का प्रथम
(H) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती
(I) अकबरनामा
(J) अहिल्याबाई होल्कर
(K) काल विद्रोह
(L) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड
(M) हरिजन सेवक संघ
(N) डॉ. रघुवीर सिंह
(O) मांडू

**2. इस प्रश्न में A से J तक लघु उत्तर स्वरूप के कुल 10 प्रश्न हैं जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न का आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न 06 अंकों का है।** **(10 x 6 = 60)**

(A) पुनर्जागरण की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
**अथवा**
1688 की गौरवपूर्ण क्रांति के महत्व का मूल्यांकन कीजिए।

(B) जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।
**अथवा**
भारत में देवदासी प्रथा पर टिप्पणी कीजिए।

(C) मेगस्थनीज द्वारा वर्णित पाटलिपुत्र की नगर प्रशासनिक व्यवस्था पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
**अथवा**
उत्तरमेरूर अभिलेख में वर्णित चोल ग्राम शासन व्यवस्था पर प्रकाश डालिए।

(D) मुगलकालीन सैन्य व्यवस्था का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
**अथवा**
जहाँगीर के काल में चित्रकला के विकास का वर्णन कीजिए।

(E) रानी दुर्गावती तथा मुगल सेना के मध्य हुए युद्ध का वर्णन कीजिए।
**अथवा**
भारत पर मुस्लिम संस्कृति के प्रभाव की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

(G) स्थायी बंदोबस्त ने कृषकों को किस प्रकार प्रभावित किया? वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत में परम्परागत कुटीर उद्योगों के पतन के कारण लिखिए।

(H) '1855-56' संथाल विद्रोह शोषण के विरूद्ध एक तीव्र प्रतिक्रिया थी।'' व्याख्या करें।

**अथवा**

1842 के बुंदेला विद्रोह का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

(I) जबलपुर झण्डा सत्याग्रह (1923) पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

स्वराज पार्टी पर एक संक्षिप्त लेख लिखें।

(J) भारत के आधुनिकीकरण में राम मोहन रॉय की भूमिका का मूल्याकंन कीजिए।

**अथवा**

उदारवादियों (1885-1905) का मूल्यांकन कीजिए।

(K) कांग्रेस ने देश-विभाजन को क्यों स्वीकार कर लिया? समझाकर लिखिए।

**अथवा**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

**3. इस प्रश्न में कुल 3 दीर्घ उत्तरी या निबंधात्मक प्रश्न हैं। जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 300 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न का आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है। (3 x 15 = 45)**

(A) फ्रांस की क्रांति में दार्शनिकों की भूमिका का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

1917 की बोल्शेविक क्रांति के कारणों का परीक्षण कीजिए।

(B) प्राचीन भारत के दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में सांस्कृतिक सम्पर्क का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

सल्तनत कालीन मालवा के समााजिक जीवन पर प्रकाश डालिए।

(G) कश्मीर समस्या पर एक निबंध लिखिए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का विवरण दीजिए।

## खण्ड-ब

**1. प्रश्न क्रमांक 01 में कुल 15 अत्यन्त लघु उत्तर स्वरूप के प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक उत्तर एक या दो पंक्तियों में देना होगा। सभी प्रश्न A से O तक अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। यह प्रश्न कुल 45 अंको का है। (15 x 3 = 45)**

(A) मध्य प्रदेश के बुंदेलखण्ड पठार की अवस्थिति।

(B) क्रेटर झील को परिभाषित करें।

(C) सौर्यिक स्थिरांक को परिभाषित करें।

(D) जलवायविक आपदाओं के प्रकार।

(E) मध्य प्रदेश के चारों ओर स्थित राज्यों के नाम बताएँ तथा राज्य का अक्षांशीय और देशान्तरीय विस्तार लिखें।

(F) सर क्रीक क्या है?

(G) मध्य प्रदेश में नहर सिंचाई के विकास के प्रतिकूल कारक क्या हैं?

(H) बताएँ कि किरकुक किस आर्थिक क्रिया के लिए प्रसिद्ध है?

(I) 'ग्रेट डिवाइडिंग रेंज' को परिभाषित करें।

(J) टोंस नदी का उद्गम स्थल क्या है?

(K) भारत में मैंगनीज के मुख्य उत्पादक राज्यों को बताएँ।

(L) भारत में लिंग अनुपात की गणना के लिए किस सूत्र का उपयोग होता है?

(M) भारत में किस भौगोलिक क्षेत्र में थारू जनजाति रहती है?

(N) अपभू तथा उपभू ज्वार का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(O) प्रशांत महासागर का ज्वालावृत्त।

**2. प्रश्न क्रमांक 02 में कुल 15 लघु उत्तर स्वरूप के प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों में देना है। कुल 10 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है। यह प्रश्न कुल 10 x 6 = 60 अंको का है।**

(A) मध्य प्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 जिलों के नाम लिखें तथा उसके कारण बताएँ।

(B) अतिसंवेदनशील आदिवासी समूहों के विशेष संदर्भ में मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों का एक संक्षिप्त विवरण दें।

(C) मध्य प्रदेश के फसल परिक्षेत्र का वर्णन करें।

(D) भोपाल गैस त्रासदी एवं उसके कारणों का वर्णन करें।

(E) भूजल पुनर्सम्भरण और निःस्त्राव के प्रमुख कारकों का वर्णन करते हुए गंगा, नर्मदा और कृष्णा क्षेत्र में भूजल संसाधन क्षमता का संक्षिप्त वर्णन करें।

(F) आपदा न्यूनीकरण के उद्देश्यों और उसके उपायों का वर्णन कीजिए।

(G) मध्य प्रदेश में पानी के स्त्रोतों और उपलब्धता का संक्षिप्त ब्योरा दें।

(H) मध्य प्रदेश राज्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-कौन से हैं और मध्य प्रदेश के विकास में उनका क्या महत्त्व है?

(I) हिमालय देश का एक विशिष्ट भू-आकारिकी प्रदेश है। इसकी समानान्तर श्रेणियों की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(J) मध्य प्रदेश में गेंहूँ और चावल के उत्पादक क्षेत्रों का वितरण दीजिए।

(K) गंगा नदी प्रणाली का विवरण दीजिए एवं प्रमुख सहायक नदियों के नाम बताएँ।

(L) कृषि आधारित उद्योगों के स्थानीयकरण को प्रभावित करने वाले कारकों का विवरण दीजिए।

(M) भारत में 1901 से जनसंख्या वृद्धि दर एवं क्षेत्रीय प्रतिरूप का वर्णन कीजिए।

(N) स्टैलैक्टाइट और स्टैलेग्माइट की प्रमुख विशेषताओं तथा उनके निर्माण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

(O) मध्य प्रदेश में पाये जाने वाले वनों के क्षरण की समस्या तथा निदान के उपायों की विवेचना कीजिए।

**3. प्रश्न क्रमांक 03 में कुल पाँच प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में होना चाहिए। कुल 03 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। इस प्रकार यह प्रश्न कुल 45 अंको का है।**

**(15 x 3 = 45)**

(A) प्रायद्वीपीय भारत की भू-आकृति का वर्णन करते हुए उसके भू-आकृतिक उपक्षेत्रों का विवरण दीजिए।

(B) मध्य प्रदेश के खनिज और ऊर्जा संसाधनों का वर्णन कीजिए।

(C) मध्य प्रदेश में मिट्टी के प्रकारों, उनकी विशेषताओं तथा उसके वितरण का विस्तृत विवरण दीजिए।

(D) भारत में सिंचाई के प्रकार और उसके पैटर्न पर प्रकाश डालिए और देश के कृषि विकास में उनकी भूमिका भी लिखिए।

(E) मध्य प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों तथा उनमें पाये जाने वाले उद्योगों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

GS World

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

### मुख्य परीक्षा-2016 (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**(खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है।

1. प्रत्येक खण्ड में कुल कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
2. प्रश्नों के उत्तर सभी माध्यम से लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।
3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक आथवा दो पंक्तियों में देना है।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

**खण्ड-अ**

**1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों (A से O) के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए-** (15 x 3 = 45)

(A) भारतीय संविधान के उन प्रमुख लक्षणों को बताइये जो यूएसए के संविधान से लिए गए हैं।

(B) पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम, 1986 के अनुसार "पर्यावरण" को परिभाषित कीजिए।

(C) उन करों के नाम बताइये जो केंद्र सरकार द्वारा लगाये तथा संगृहीत किए जाते हैं और भारत में केंद्र तथा राज्यों में वितरित किये जाते हैं।

(D) मौलिक अधिकारों और राज्य नीति के निर्देशक तत्वों में दो बुनियादी अन्तर बताइये।

(E) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार 'प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाएँ' क्या हैं?

(F) मध्य प्रदेश में दूरस्थ अनुसूचित जाति तथा जनजाति क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्या प्रावधान हैं?

(G) संविधान में 'सामाजिक न्याय', से संबंधित किन्हीं तीन प्रावधानों को अनुच्छेदों/भागों के साथ लिखिए।

(H) चुनाव के दिन राजनैतिक दलों के लिए आदर्श आचार संहिता क्या होती है?

(I) 'नीति कटौती प्रस्ताव' क्या है?

(J) मध्य प्रदेश में स्वसहायता समूह से आप क्या समझते हैं?

(K) 'परमादेश' क्या है?

(L) सरकारी प्रशासन में 'चूक का नियम' प्रणाली क्या है?

(M) किन आधारों पर किसी राजनैतिक दल को राष्ट्रीय राजनैतिक दल घोषित किया जाता है?

(N) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार 'डिजिटल हस्ताक्षर' क्या है?

(O) लोक लेखा समिति का मुख्य कार्य क्या है?

**2. निम्नलिखित प्रश्नों (A से J) के उत्तर प्रत्येक के लगभग 100 शब्दों में दीजिए-** **(10 x 6 = 60)**

(A) भारत के राष्ट्रपति की वीटो शक्ति का वर्णन कीजिए तथा इसका प्रयोग कैसे होता है?

**अथवा**

नागरिक सेवकों को प्राप्त संवैधानिक सुरक्षा उपायों तथा उसके महत्व की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

(B) राज्य मानव अधिकार आयोग की रचना, कार्य तथा कार्यप्रणाली का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम के तहत केंद्र सरकार की शक्तियों का परीक्षण कीजिए।

(C) भारतीय संविधान के 42वें संविधान संशोधन अधिनियम को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

विधान परिषद से आप क्या समझते हैं? इसके संगठन और उपयोगिता को स्पष्ट कीजिए।

(D) भारत के उत्तर-पूर्व के राज्यों की समस्याओं और उनके सुरक्षा मुद्दों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**अथवा**

लोकपाल से आप क्या समझते हैं?

(E) अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के संगठन और कार्यप्रणाली का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

राष्ट्रीय महिला आयोग के मूल उद्देश्य, रचना और शासनादेश का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(F) शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत का परीक्षण कीजिए। भारतीय संविधान में इसे कहाँ तक अपनाया गया है?

**अथवा**

ग्राम न्यायालय से आप क्या समझते हैं? इसके उद्देश्य एवं प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए।

(G) भारत और यूएसए का 123 समझौता क्या है तथा इसकी महत्ता को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

विश्व व्यापार संगठन (WTO) के उद्देश्य एवं संगठन को स्पष्ट कीजिए।

(H) भारतीय संविधान में एकात्मकता के लक्षणों को क्यों स्वीकार किया गया? टिप्पणी कीजिए।

**अथवा**

भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में 'विभाजन प्रणाली' के महत्व तथा चलन का वर्णन कीजिए।

(I) 'धन विधेयक', 'वित्त विधेयक' तथा 'विनियोग विधेयक' में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सरकारी प्रशासन में लेखा-परीक्षण के प्रकारों तथा उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

(J) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत साइबर न्यायाधिकरण की रचना, कार्य एवं कार्यप्रणाली को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'सेवा प्राप्ति का अधिकार' क्या है? मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में इसकी कार्य प्रणाली को स्पष्ट कीजिए।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों (A से C) के उत्तर प्रत्येक के लगभग 300 शब्दों में दीजिए- (3 x 15 = 45)**

(A) सार्क (SAARC) के उद्देश्यों, संगठन और भविष्य पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**अथवा**

भारत में सहयोगी संघवाद की कार्यप्रणाली और प्रकृति को स्पष्ट कीजिए।

(B) भारत में चुनाव सुधारों की आवश्यकता, उपाय और चुनौतियों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

**अथवा**

क्या इलेक्ट्रोनिक मीडिया लोकतंत्र और संस्कृति का समर्थक है अथवा खतरा? समीक्षा कीजिए।

(C) 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के पारित होने के प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए तथा इसके प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए।

**अथवा**

उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति में मुख्य मुद्दे क्या हैं? भारत सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के इस संदर्भ में दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड-ब

**1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए- (15 x 3 = 45)**

(A) 'एक समाज' का उदाहरण दीजिए।

(B) भारत में मानवाधिकार आयोग का गठन कब हुआ?

(C) भारत में मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का नाम लिखिए।

(D) घरेलू हिंसा को परिभाषित कीजिए।

(E) सिविल अधिकार क्या है?

(F) मध्य प्रदेश में 2011 में शिशु मृत्यु दर क्या हैं?

(G) जनगणना 2011 के अनुसार मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति का कुल जनसंख्या में प्रतिशत क्या है?

(H) 'शिशु' को परिभाषित कीजिए।

(I) विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय कहाँ है?

(J) 'टीकाकरण' एक निरोधात्मक उपाय है अथवा उपचारात्मक?

(K) ''एक पति अपनी पत्नी के प्रति 'वैवाहिक दायित्व बोध' नहीं रखता है।'' क्या यह घरेलू हिंसा में सम्मिलित होता है अथवा नहीं?

(L) 'भ्रष्टाचार' क्या है? परिभाषित कीजिए।

(M) 'सूचना' क्या है? समझाइए।

(N) 'कुपोषण' के प्रमुख कारण बताइए।

(O) जन्म के समय शिशु का आदर्श वजन होना चाहिए (लगभग किग्रा में)।

**2. निम्नलिखित के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दे-**

**(10 x 6 = 60)**

(A) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के मुख्य प्रावधान लिखिए।

**अथवा**

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, भ्रष्टाचार में कितना कारगर है? समालोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

(B) 'सूचना के अधिकार' के दुरूपयोग पर टिप्पणी कीजिए।

**अथवा**

''उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति किए जाने की आवश्यकता है।''

(C) 'सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000' पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

**अथवा**

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकास एवं पर्यावरण के संबंधों की व्याख्या कीजिए।

(D) 'पारिवारिक स्वास्थ्य' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश राज्य में संचालित महिला एवं बाल कल्याण सम्बन्धी परियोजनाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(E) भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति पर टिप्पणी कीजिए।

**अथवा**

कर्क रोग के विस्तार के कारणों पर प्रकाश डालिए। क्या यह एक संक्रामक बीमारी है?

(F) जन्म-मृत्यु समंकों की क्या उपादेयता है?

**अथवा**

स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रतिरक्षण की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(G) मध्य प्रदेश में समकालीन स्थितियों में अनुसूचित जनजाति में हुए सामाजिक बदलावों के बारे में लिखिए।

**अथवा**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की विभिन्न मानदण्डों में तुलनात्मक स्थिति मध्य प्रदेश के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(H) 'सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955' को समझाइए।

**अथवा**

भारत में नागरिक समाज की स्थिति का विश्लेषण कीजिए।

(I) मध्य प्रदेश में लोक सेवाओं की प्रत्याभूत उपलब्धता की समकालीन स्थितियों में समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी पूरक पोषण कार्यक्रमों की समीक्षा कीजिए।

(J) विश्व स्वास्थ्य संगठन की संरचना पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

एड्स क्या है? इसकी रोकथाम के उपाय लिखिए।

**3. निम्नलिखित के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दें-**

**(3 x 15 = 45)**

(A) ''सामाजिक विधान भारतीय समाज में हो रहे बदलाव के लिए उत्तरदायी हैं।'' स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भारत में महिलाओं की सुरक्षा हेतु किए गए संवैधानिक प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

(B) ''स्वच्छता से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।'' स्पष्ट कीजिए।

(C) भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

पारिवारिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेप पर निबंध लिखिए।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

## मुख्य परीक्षा-2016 (तृतीय प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**(खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है।

1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
2. प्रश्नों के उत्तर सभी माध्यम से लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें। परीक्षा में सामान्य कैलकुलेटर ही उपयोग में लिया जा सकता है, साइन्टिफिक नहीं।
3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

**1. निम्नलिखित पर एक या दो पंक्तियों में उत्तर लिखिए-** **(15 x 3 = 45)**

(A) अनिषेकजनन
(B) तत्वों की पीरियोडिक टेबल (आवर्त सारणी)
(C) चुम्बकीय क्षेत्र
(D) विद्युत धारा
(E) जैव-विविधता
(F) पेटेन्ट
(G) जीपीएस
(H) क्षेत्रमिति
(I) सुदूर-संवेदन (रिमोट सेंसिग)
(J) मौसम में बदलाव
(K) न्यूटन का गति का तीसरा नियम
(L) चिकित्सकीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
(M) द्वितीयक आँकड़े
(N) एमसी मेहता
(O) ओजोन होल

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए-** **(10 x 6 = 60)**

(A) सम्भावित वाद पर टिप्पणी लिखिए।
(B) ऑक्सीश्वसन एवं अनॉक्सीश्वसन पर टिप्पणी लिखिए।
(C) तालिका की सहायता से आंकड़ों की व्याख्या करो।
(D) धातु तथा अधातु पर संक्षेप में लिखें।
(E) कृषि में जैव-टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग की संक्षिप्त जानकारी दीजिए।
(F) ऊर्जा के गैर-पारम्परिक स्त्रोतों के बारे में संक्षिप्त लिखें।
(G) पर्यावरण नियमों की क्यों आवश्यकता है? पर्यावरण नियमों को बनाने में और उनको लागू करने में आने वाली समस्याओं का संक्षेप में वर्णन करें।
(H) न्यूटन का गति का प्रथम नियम क्या है? संक्षेप में समझाइए।
(I) पर्यावरण विघटन के उत्तरदायी विभिन्न कारकों की संक्षिप्त में जानकारी दीजिए।
(J) प्राथमिक एवं द्वितीयक लैंगिक लक्षणों के संबंध में संक्षिप्त में लिखिए।
(K) नैनो-टेक्नोलॉजी क्या है? इसके संभावित अनुप्रयोगों को संक्षिप्त में लिखिए।
(L) रक्त समूह पर लघु टिप्पणी लिखिए।
(M) ₹ 5000 पर 8% वार्षिक ब्याज की दर से एक वर्ष के लिए संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर बताइये।
(N) ऊर्जा प्रबंधन को समझाइए।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए-**

**(3 x 15 = 45)**

(A) सूचना एवं संचार तकनीकी क्या है? इनके अनुप्रयोगों को समझाइए।

(B) मेंडल के प्रयोगों एवं अनुवांशिकी के सिद्धांतों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

(C) जलवायु परिवर्तन के कारण एवं निदानात्मक उपायों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

(D) ई-वेस्ट प्रबंधन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(E) कोशिका की संरचना का सचित्र वर्णन करते हुए इसके कार्यों को बताइए।

**खण्ड-ब**

**1. निम्नलिखित पर एक या दो पंक्तियों में उत्तर लिखिए-** **(15 x 3 = 45)**

(A) 'मुद्रा बाजार' से क्या अभिप्राय है?

(B) खाद्य सुरक्षा क्या होती है?

(C) सतत आर्थिक विकास क्या है?

(D) गरीबी का दुष्चक्र क्या है?

(E) ग्रामीण अर्थव्यवस्था

(F) भूमंडलीकरण का प्रत्यय

(G) राष्ट्रीय आय लेखांकन

(H) सार्वजनिक निजी भागीदारी

(I) गरीबी के सूचक

(J) 'नीति आयोग' के उद्देश्य

(K) आर्थिक विकास के घटक क्या हैं?

(L) ग्रामीण साख क्या है?

(M) औद्योगिक रूग्णता क्या है?

(N) तरल मुद्रा क्या है?

(O) प्रव्रजन

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।** **(10 x 6 = 60)**

(A) विकासशील राष्ट्रों की प्रमुख समस्याओं की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय विकास की विभिन्न अवस्थाओं को लिखिए।

(B) सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीसी) से आप क्या समझते हैं? यह भारतीय आधारभूत संरचना के विकास के लिए कैसे उपयोगी है?

**अथवा**

मध्य प्रदेश में औद्योगिक रूग्णता के क्या कारण हैं? इन्हें किस प्रकार पुनर्स्थापित किया जा सकता है?

(C) भारतीय ''विशेष आर्थिक परिक्षेत्र'' क्या है? इसकी स्थापना करने के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश में आर्थिक विकास में 'खनन ऊर्जा' के महत्व को समझाइए।

(D) मानव विकास सूचकांक के मापदण्ड क्या हैं? इनकी गणना किस प्रकार संभव है?

**अथवा**

नितांत गरीबी क्या है? इस दुष्चक्र को दूर करने के उपाय दीजिए।

(E) क्षेत्रीय असमानताओं के क्या कारण हैं? इस समस्या को दूर करने हेतु ठोस उपाय दीजिए।

**अथवा**

भारत में उदारीकरण की सफलता तथा असफलता पर अपने विचार दीजिए।

(F) भारत में निम्न आय समूह की आवासीय समस्याओं पर अपने विचार दीजिए।

**अथवा**

भारत में शहरी विकास की चुनौतियों पर 'जवाहरलाल नेहरू शहरी मिशन' के प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

(G) ''भारत के आर्थिक विकास में नियोजन असफल रहा है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? मूल्यांकन कीजिए।

**अथवा**

भारत में 'प्रव्रजन' एक गंभीर समस्या है। इसे खत्म करने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?

(H) जनसंख्या और खाद्य सुरक्षा के मध्य किस प्रकार के असंतुलन हैं? क्या यह एक समस्या है? (मध्य प्रदेश के संदर्भ में लिखिए)

**अथवा**

मध्य प्रदेश में सहकारी आंदोलन की क्या प्रवृत्ति है? यह प्रदेश के आर्थिक विकास में कहाँ तक सहायक है?

(I) ग्रामीण आर्थिक संरचना में सामाजिक सुरक्षा का क्या योगदान है? इसे और सुदृढ़ किस प्रकार किया जा सकता है?

**अथवा**

मध्य प्रदेश में बेरोजगारी का क्या स्वरूप है? कृषि बेरोजगारी के विशेष संदर्भ में अपने विचार दीजिए।

(J) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (मध्य प्रदेश में) के क्या उद्देश्य हैं? इसकी क्या सीमायें हैं?

**अथवा**

भारत में खाद्य सुरक्षा तथा बफर स्टॉक के मध्य क्या संबंध हैं? क्या बफर स्टॉक के बिना खाद्य सुरक्षा संभव है? लिखिए।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।** **(3 x 15 = 45)**

(A) मध्य प्रदेश में मौजूदा 'मुद्रा बाजार' का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**अथवा**

भारत में आज की स्थिति में 'मनरेगा' की प्रासंगिकता पर विस्तृत निबंध लिखिए।

(B) 'वित्तीय समावेश' क्या है? भारत में 11वीं पंचवर्षीय योजना के पश्चात् आर्थिक विकास में किस प्रकार का योगदान दिया है? विस्तार में लिखिए।

**अथवा**

12वीं पंचवर्षीय योजना के क्या उद्देश्य हैं? क्या यह योजना अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने में सफल रही है? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

(C) भारत में कृषि क्षेत्र के लिए प्रदान किए गए विभिन्न अनुदान क्या-क्या हैं? क्या ये अनुदान कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने में सहायक हैं? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**अथवा**

''भारत में बेरोजगारी तथा गरीबी दोनों ही अभिशाप हैं।'' इस कथन की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
# सामान्य अध्ययन
## मुख्य परीक्षा-2016 (चतुर्थ प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 03 प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई आंतरिक विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
4. प्रथम प्रश्न लघु-उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 150 है।
5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका पालन करें।
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखे तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की तथ्यात्मक तथा मुद्रण त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।

**1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु-उत्तरीय प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए।**

**(15 x 3 = 45)**

(A) लोक सेवा में आचार संहिता की भूमिका का निरूपण कीजिए।

(B) आचरण एवं अनुशासन को परिभाषित कीजिए।

(C) अभिप्रेरणा का अर्थ समझाइए।

(D) 'सिटीजन चार्टर' से क्या तात्पर्य है?

(E) लोक प्रशासन में नैतिक दुविधा को समझाइए।

(F) ब्रह्म-समाज के संस्थापक कौन थे?

(G) महावीर स्वामी के अनुसार त्रिरत्न क्या हैं?

(H) 'गीताजंली' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(I) अरस्तू के द्वारा दिए गये चार कार्डिनल गुणों के नाम बताइए।

(J) लोक प्रशासन में सत्यनिष्ठा का महत्व बताइये।

(K) लोक प्रशासन में 'सांवेगिक बुद्धि' की धारणा को स्पष्ट कीजिए।

(L) सिक्ख धर्म के संस्थापक कौन थे?

(M) 'समानुभूति' से क्या तात्पर्य है?

(N) तुलसीदास जी को तीन प्रसिद्ध रचनाओं के नाम लिखिए।

(O) भ्रष्टाचार निवारण में समाज की क्या भूमिका हो सकती है?

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों की सीमा में हो :**

**(15 x 6 = 90)**

(A) लोक प्रशासन के नैतिक आधारों की चर्चा कीजिए।

(B) मूल्य विमर्श के विविध आयामों पर प्रकाश डालिए।

(C) लोकतंत्र में गाँधीजी के विकेंद्रीकरण के सिद्धांत को समझाइए।

(D) लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्त:प्रेरणा किस प्रकार नौकरशाहों के लिए नैतिक मार्गदर्शन का एक स्रोत है? आलोचनात्मक वर्णन कीजिए।

(E) लोक सेवा तटस्थता एक परिकल्पना (फिक्शन) है। कोई सोचने वाला व्यक्ति कैसे तटस्थ हो सकता है? टिप्पणी कीजिए।

(F) डॉ. राम मनोहर लोहिया के सामाजिक-आर्थिक चिंतन पर टिप्पणी कीजिए।

(G) "लोक प्रशासन का क्षेत्र व्यापार का क्षेत्र है।" (वुड्रो विल्सन) टिप्पणी कीजिए।

(H) "एक ही संगठन के विभिन्न उपभागों में मनुष्य के अभिप्रेरणा भिन्न हो जाते हैं।" (एडगर शेन) चर्चा कीजिए।

(I) कौटिल्य एक आदर्शवादी होने की अपेक्षा एक राजनैतिक यथार्थवादी थे। टिप्पणी कीजिए।

(J) भ्रष्टाचार को कम करने में सामाजिक मीडिया और इंटरनेट की भूमिका बताइए।

(K) बौद्ध चिंतन में प्रतीत्य-समुत्पाद क्या है? समझाइए।

(L) भ्रष्टाचार के प्रकारों की विवेचना कीजिए।

(M) पूर्वाग्रह एवं रूढ़िवादिता के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

(N) भारतीय समाज के उत्थान में स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान का वर्णन कीजिए।

(O) श्री अरविन्द के समग्र योग की अवधारणा बताइए।

(P) डॉ. राधाकृष्णन् के दर्शन पर चर्चा कीजिए।

(Q) भ्रष्टाचार पर राष्ट्रसंघ की घोषणा को स्पष्ट कीजिए।

(R) शासन एवं प्रशासन में 'सांवेगिक बुद्धि' की उपयोगिता का परीक्षण करें।

**3. पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषयवस्तु पर आधारित प्रकरण-**

**(A) प्रथम प्रकरण :** **(3 x 10 = 30)**

**विषय : काले धन का संचय- कारण और निवारण**

काले धन का संचय हमारी अर्थव्यवस्था के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है। इसके साथ ही यह इस देश की उत्तरजीविता के लिए भी अत्यन्त खतरनाक है। सामाजिक और नैतिक मूल्यों में गिरावट भ्रष्टाचार की जननी है, स्त्रोत है। काले धन की अर्थव्यवस्था की उत्पत्ति, उसका अस्तित्व तथा इसके बढ़ते हुए रूप आदि सहित कई कारण जिम्मेदार हैं। धन तथा शक्ति के आपस में मिलने से इसकी उत्पत्ति होती है। काले धन के द्वारा किसी को भी खरीद लेना, अत्यन्त आवश्यक वस्तुओं को छिपाकर इकट्ठा कर लेना। स्वस्थ प्रतियोगिता/प्रतिस्पर्धा को गायब कर देना। ईमानदार व्यक्तियों और जनता के सेवकों को धमका देना आदि कार्य काले धन के द्वारा किए जाते हैं।

**उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(a) विकासशील देशों में काले धन उत्पन्न करने के कौन-कौन से स्त्रोत हैं?

(b) काले धन की समानान्तर अर्थव्यवस्था की उत्पत्ति और फैलाव को रोकने के लिए कौन-से उपाय सुझाए जा सकते हैं?

(c) काला धन किस प्रकार महँगाई को बढ़ाने में भूमिका निभाता है? चर्चा कीजिए।

**(B) प्रकरण द्वितीय :** **(5 x 7 = 35)**

**विषय : व्यावसायिक नैतिकता एवं मूल्यों में संघर्ष**

एक पुरानी कर्मचारी जिसको उसके गुणात्मक काम, अनुपस्थिति और शराब पीने की वजह से होने वाली देरी के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था, ने आपको सूचित किया कि उसने अन्य किसी कंपनी में एक पद के लिए आवेदन किया है, और पहले से ही आपका नाम संदर्भ रूप में दिया है। उसे काम की अत्यधिक आवश्यकता है। (वह तीन बच्चों की अकेली अभिभावक है) वह आपसे अच्छी सिफारिश के लिए कहती है, और उसके शराब पीने की समस्या को इसमें सम्मिलित ना किया जाए, जिसे उसने आश्वस्त किया है, कि उसने इस पर अब नियंत्रण पा लिया है।

उसने आपसे यह भी कहने को कहा है, कि उसके पारिवारिक चिकित्सा संकट की वजह से कम्पनी को स्वेच्छा से छोड़ा है, और कम्पनी उसके काम से बहुत खुश थी। आप उस व्यक्ति को पसंद करते हैं और विश्वास है, कि वह एक अच्छी कर्मचारी है, अगर वह शराब नहीं पीती है। आपको शक है, कि वास्तव में उसने अपनी शराब पीने की समस्या से निजात पा ली है, और इसी वजह से आप अपनी कम्पनी को उसे वापस काम पर लेने की सिफारिश नहीं करेंगे।

**उक्त प्रकरण के संबंध में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(a) आप उस महिला को क्या कहेंगे?

(b) आप उस नियोक्ता को क्या कहेंगे, जो आपके संदर्भ के लिए आपको कॉल करेगा?

(c) मान लीजिए आपका नाम भावी नियोक्ता को प्रस्तावित करने के पहले उसने आपसे संदर्भ के लिए पूछा हो?

(d) कौन-से मूल्य दाँव पर लगे हैं?

(e) क्या कुछ मूल्य एक-दूसरे से संघर्षरत है?

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
## सामान्य हिन्दी
## मुख्य परीक्षा-2016 (पाँचवां प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल दस प्रश्न है।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका पालन करें।
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें।

**निर्देश :** सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं।

**1. इन लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में (एक या दो पंक्तियों में) दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 03 अंकों का है।** **(20 x 3 = 60)**

(A) पश्चिमी हिन्दी किस अपभ्रंश से उत्पन्न हुई है?

(B) मालवी बोली को किस 'बोली वर्ग' में स्थान दिया जाता है?

(C) देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से माना जाता है?

(D) मध्यकाल में हिन्दी पर किस विदेशी भाषा का प्रभाव अधिक था?

(E) राजभाषा अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ था?

(F) शासकीय पत्र की तीन विशेषताएँ लिखिए।

(G) टिप्पण की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।

(H) 'विलोम' और 'समानार्थी' शब्दों का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(I) स्त्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा के तात्पर्य और पार्थक्य पर प्रकाश डालिए।

(J) 'पारिभाषिक शब्द' की तीन विशेषताएँ लिखिए।

(K) संधि और समास का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(L) 'उद्धरण चिह्न' के रूपों को सोदाहरण लिखिए।

(M) सन् 1992 ई. के बाद संविधान की अष्टम अनुसूची में कौन-कौन सी भाषाएँ जोड़ी गई हैं?

(N) भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा विकसित दो सॉफ्टवेयर के नाम लिखिए।

(O) 'भाषा' और 'वाक्' में क्या अंतर है?

(P) 'तद्भव' शब्द किसे कहते हैं?

(Q) हिन्दी भाषा में कौन-सी दो प्रमुख विदेशी भाषाओं के शब्दों का आगमन हुआ है?

(R) 'अर्थ' की दृष्टि से शब्दों के तीन रूप लिखिए।

(S) 'पल्लवन' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(T) संक्षेपण की तीन विशेषताएँ लिखिए।

**2. निम्नलिखित गद्यावतरण का हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद कीजिए-** **(20)**

शिक्षा का मतलब यह नहीं है कि तुम्हारे दिमाग में ऐसी बहुत सी बातें इस तरह ठूँस दी जाएँ कि अन्तद्वन्द्व होने लगे और तुम्हारा दिमाग उन्हें जीवन भर न पचा सकें। जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर, मनुष्य बन सकें, चरित्र गठन कर सकें और विचारों का सामंजस्य कर सकें, वही वास्तव में शिक्षा कहलाने योग्य है। यदि तरह-तरह की जानकारियों का संग्रह करना ही शिक्षा है तब तो ये पुस्तकालय संसार में सर्वश्रेष्ठ मुनि हैं और विश्व कोष ऋषि। इसलिए हमारा आदर्श यह होना चाहिए कि अपने देश की समग्र आध्यात्मिक और लौकिक शिक्षा के प्रचार का भार अपने हाथों में ले लें और जहाँ तक संभव हो राष्ट्रनीति से राष्ट्रीय सिंद्धातों के आधार पर शिक्षा का विस्तार करें।

**अथवा**

आज राष्ट्र में विभिन्न प्रकार की बुराइयाँ हैं। रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और अनाचार का चारों ओर बोलबाला हैं। गंदी दलदल में सामान्य व्यक्ति ही नहीं, बल्कि बड़े से बड़े शासनाधिकारी तक फँसे हुए हैं। इन बुराइयों का अंत करना आवश्यक है। हम अपने विद्यार्थियों से निवेदन करना चाहते हैं कि यह काम विध्वंसात्मक कार्यों से नहीं बल्कि रचनात्मक योग्यताओं से ही पूरा हो पाएगा। जहाँ तक संभव हो सके, विद्यार्थियों को राजनीति के कुचक्र में फँसकर अपनी शिक्षा में बाधा नहीं डालनी चाहिए। विद्या और ज्ञान व्यक्ति की पूँजी हैं। उन्हें खोकर व्यक्ति ठोकरें खाने के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं पा सकता।

**3. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यावतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए (15)**

Many parameters are utilized to indicate how well people are fed, their overall nutritional status; the availability of good nutrition during various phases of their growth and lives; the average life expectancy; the infant mortality rate, the availability of drinking water and quality; the quantum of living space; broad categories of human habitat; the incidence of various diseases; dysfunctions, disorders or disabilities, the access to medical facilities, literacy, the availability of schools and educational facilities, variors levels of skill to cope with fast changing economic and social demands and so on.

**अथवा**

The simple meaning of discipline is to remain under control. This control may be of one's own conscience, reasoning, intellect, of one's own government of one's own society. Man is a social animal. There is no doubt that he has his own hands and feet and yet he is not self sufficient in himeself. From birth of death, at every step he feels the necessity of taking social help. And side by side he has to move within certain social laws framed after a good deal of thinking and reasoning. This is very necessary. If it doesn't happen like this, no man can progress nor can be helpful in other's progress. Terrible anarchy follows lack of discipline in society. Instead of moving further, the nation gets retarded in its growth by many, many years.

**4. निम्नलिखित गद्यावतरण का एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए तथा रेखांकित पंक्तियों का भाव-पल्लवन अपने शब्दों में कीजिए- (10 + 5 = 15)**

मनुष्य की प्रकृति में शील और सात्विकता का आदि संस्थापक यही मनोविकार है। <u>मनुष्य की सज्जनता या दुर्जनता अन्य प्राणियों के साथ उसके संबंध या संसर्ग ही व्यक्त होती है</u>। यदि कोई मनुष्य जन्म से ही किसी निर्जन स्थान में अपना निर्वाह करे तो उसका कोई कर्म सज्जनता या दुर्जनता की कोटि में नहीं आएगा। उसके सब कर्म निलिप्त होंगे। <u>संसार में प्रत्येक प्राणी के जीवन का उद्देश्य दुख की निवृत्ति और सुख की प्राप्ति है।</u> अत: सबके उद्देश्य को एक साथ जोड़ने से संसार का उद्देश्य सुख की स्थापना और दुख का निराकरण हुआ, अत: जिन कर्मों से संसार के उस उद्देश्य के साधन हों, वे उत्तम हैं।

**अथवा**

संसार के श्रेष्ठ मनीषियों ने घोषणा की है कि <u>मनुष्य एक है और इसीलिए मूल मानव धर्म भी एक ही है।</u> यह इस युग की आवश्यकता नहीं है, किन्तु युग का अनुभूत सत्य है। पहले भी दीर्घ दृष्टि वाले मनीषियों ने इस बात को अपने-अपने ढंग से कहा था, परन्तु आज यह सत्य अधिक व्यापक होकर अनुभूत हुआ है। <u>इसलिए विभिन्न राष्ट्रीय इकाइयों में पाई जाने वाली संस्कृतियों में और धार्मिक सम्प्रदायों के विश्वासों में समन्वय करने की चर्चा चल पड़ी है</u>। परन्तु समन्वय का अर्थ क्या है? कुछ लोग धर्मों के नाम पर चलने वाले सभी ऊपरी आचारों को एक साथ जोड़ देने को समन्वय कहने लगे हैं....... मुझे समन्वय की यह नीति ठीक नहीं जँचती। समन्वय में तद्त धर्मों के उन मूल तत्वों पर ध्यान रखना आवश्यक है, जिनको केंद्र करके इन बाह्य आचारों ने रूप ग्रहण किया है।

5. प्रदेश के संस्कृति निदेशालय द्वारा किसी व्यक्ति के पत्र के उत्तर में लोक संस्कृति के उत्थान के लिए किए गए प्रयासों का विवरण देते हुए अर्ध-शासकीय पत्र का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। **(15)**

**अथवा**

स्पष्ट कीजिए कि सरकारी कामकाज में <u>प्रारूप</u> का क्या महत्व है? प्रारूप तैयार करते समय किन बातों का ध्यान अपेक्षित है?

**6. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं पाँच के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए- (15)**

| | |
|---|---|
| (i) Secretariat | (ii) Fixed Deposit |
| (iii) Exchange | (iv) Nomination |
| (v) Credit | (vi) Appointment |
| (vii) Consumer | (viii) Economy |
| (x) Legislator | (x) Radiation |

**अथवा**

निम्नलिखित हिन्दी शब्दों में से किन्हीं पाँच के अंग्रेजी परिभाषिक शब्द लिखिए।

| | |
|---|---|
| (i) अभियोजन | (ii) यादृच्छिक |
| (iii) अनुक्रमणिका | (iv) अनुदान |
| (v) उपस्कर | (vi) सेवा योजन |
| (vii) निदेशालय | (viii) प्रतिनिधि मंडल |
| (ix) दशमलव | (x) नौकरशाही |

**7. निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पाँच का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए- (5 x 3 = 15)**

(i) गिरगिट की तरह रंग बदलना
(ii) अंधे की लाठी
(iii) जीती मक्खी निगलना
(iv) छठी का दूध याद आना
(v) नाकों चने चबवाना
(vi) अंधे के हाथ बटेर
(vii) लोहे के चने चबाना
(viii) अधजल गगरी छलकत जाए
(ix) छछूँदर के सिर में चमेली का तेल
(x) तू डाल-डाल मैं पात-पात

**8. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए- (5 x 3 = 15)**

(i) 'सर्व + उदय' की संधि कीजिए।
(ii) 'महोत्सव' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।
(iii) 'आजीवन' में कौन-सा समास है?
(iv) 'क्षुद्र' का समानार्थी शब्द लिखिए।
(v) 'पवित्र' शब्द के तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(vi) 'अर्वाचीन' का विलोम लिखिए।
(vii) 'कुल' और 'कूल' के अर्थ स्पष्ट कीजिए।
(viii) प्रश्नवाचक वाक्य के विराम-चिह्न को अंकित कीजिए।
(ix) 'कपूत' शब्द का तत्सम शब्द लिखिए।
(x) 'क्षेत्र' शब्द का तद्भव शब्द बताइए।

9. **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5 x 3 = 15)**

मानव, सभ्यता से अपनी बाह्य उन्नति करता है और संस्कृति से आन्तरिक। सभ्यता वह चीज है, जो हमारे पास है किन्तु संस्कृति वह गुण है जो हममें छिपा हुआ है। हमारे पास भौतिक वस्तुएँ होती हैं। ये भौतिक वस्तुएँ हमारी सभ्यता के प्रमाण हैं, जबकि संस्कृति इतने स्थूल रूप में दिखाई नहीं देती, वह बहुत ही सूक्ष्म चीज है। वह हमारी प्रत्येक आदत और पसंद में निहित रहती है। मकान बनाना सभ्यता का काम है, लेकिन हम कमान का कौन-सा नक्शा पसंद करते हैं, यह हमारी संस्कृति बतलाती है। मानव के भीतर छः विकार- काम, क्रोध, मद, लोभ और मत्सर-प्रकृति प्रदत्त हैं। यदि ये विकार स्वतंत्र छोड़ दिए जाएँ तो मानव इतना गिर जाए कि उसमें और जानवर में कोई अन्तर न रह जाए, इसलिए मानव इन विकारों पर रोक लगाता है। इन विकारों पर जो मानव जितना अधिक काबू कर पाता है, उसकी संस्कृति उतनी ही ऊँची समझी जाती है। संस्कृति का मूल स्वभाव है कि वह आदान-प्रदान से बढ़ती है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(ii) मानव, सभ्यता से अपनी कौन-सी उन्नति करता है?
(iii) मानव के अंदर प्रकृति प्रदत्त कितने विकार हैं?
(iv) मानव की मानवीयता किस बात में निहित है?
(v) संस्कृति का मूल स्वभाव क्या है?

**अथवा**

कला-जगत के क्षेत्र में नाटक अत्यंत प्राचीन काल से ही सर्वाधिक मनोरम और आकर्षण-कला का माध्यम माना जाता है। नाटक के संदर्भ में सुकुमारता और कला-सूक्ष्मता का जो आयोजन होता है, वह आज भी उसे सर्वश्रेष्ठ कला बनाए रखने में सहायक सिद्ध हुआ है। नाटक का शिल्प-विधान और उसकी रचना की बारीकियाँ एक अप्रतिम आकर्षण का विषय बना देती है। नाटक के प्ररिप्रेक्ष्य में सबसे प्रमुख बात यह है कि, इसका शिल्प एक सामूहिक विधान की तरह होता है। जिसमें नाटककार के साथ-साथ निर्देशक तथा विभिन्न अभिनेताओं का भरपूर सहयोग प्राप्त होता है। इसके साथ-साथ इसमें दर्शक समूह भी अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करता है। एक प्रकार से कहा जाए तो नाटक की मंच-प्रस्तुति में इनकी भी अप्रत्यक्ष रूप से ही सही पर महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन सबके समवेत प्रयास से ही नाटक की प्रस्तुति संभव है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(ii) कला-जगत के क्षेत्र में किस विधा को आकर्षक माना गया है?
(iii) नाटक का शिल्प किस प्रकार का होता है?
(iv) नाटक में दर्शक की भूमिका किस प्रकार होती है?
(v) नाटक की प्रस्तुति किस प्रकार संभव है?

10. किसी विश्वविद्यालय में सम्पन्न 'दीक्षांत समारोह' पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए। **(15)**

**अथवा**

'सर्व-धर्म सम्मेलन' पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## निबंध लेखन

### मुख्य परीक्षा-2016 ( छठा प्रश्न-पत्र )

**समय : 2 घंटे** **पूर्णांक : 100**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
3. सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें।

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 1000 शब्दों में निबंध लिखिए।**

(अ) विज्ञान मनुष्य को सभ्यता की सीढ़ी पर चढ़ाता है और साहित्य इसे मानवता के उच्च शिखर पर।

(ब) सामाजिक समस्याएँ और सिनेमा

(स) आर्थिक उदारवाद और सामाजिक विषमता

(द) वर्तमान में नैतिक शिक्षा अभाव

**2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 250 ( दो सौ पचास ) शब्दों में निबंध लिखिए।**

(अ) महत्वाकांक्षा का मोती निष्ठुरता के सीप में पलता है।

(ब) बढ़ते शहरीकरण से उत्पन्न समस्याएँ

(स) सूचना अधिकार अधिनियम

(द) भ्रष्टाचार : समस्या और समाधान

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 250 (दो सौ पचास) शब्दों में निबंध लिखिए।

(अ) मशीनीकरण के लाभ एवं हानि

(ब) भाषा का अवमूल्यन

(स) कौशल भारत - विकसित भारत

(द) सामाजिक संस्कृति और राजनीतिक संस्कृति